<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–07.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इस महीने की 15 तारीख है। ये पुरस्कार हर साल जनवरी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं और इस साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर इनकी घोषणा की जाएगी। इन पुरस्कारों का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, जोश और उत्साह का जश्न मनाना है। 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर दाखिल किए जा सकते हैं।

****

राज्य सरकार ने वकीलों के हित में तीन बड़े फैसले लिये हैं। 65 साल से अधिक उम्र वाले वैसे वकीलों को सरकार हर महीने सात हजार रुपये पेंशन देगी, जिन्होंने अपना लाइसेंस सरेंडर कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके अलावा नये वकीलों को तीन साल तक पांच हजार रुपये का वजीफा और करीब 30 हजार वकीलों को पांच लाख रुपये के चिकित्सा बीमा की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड अधिवक्ताओं के कल्याण को लागू करने वाला एकमात्र राज्य है और यह पूरे देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करने जा रहा है।

****

राज्य मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में लाभुकों की उम्र सीमा घटाकर 18 वर्ष करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 63 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि सहायक पुलिसकर्मियों को एक वर्ष का अवधि विस्तार दिया गया है और उनके मानदेय को बढ़ाकर 13 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

****

गिरिडीह जिले के गांडेय में नौ सितंबर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने ताराटांड़ स्थित फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों को एक साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

****

राज्य के श्रम, नियोजन और प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आज चतरा जिले में झारखंड राज्य के निर्माण के लिए आंदोलन करने वाले 96 व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री भोक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आंदोलनकारियों के संघर्ष को अलग पहचान दिलाई है।

****

झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज, जेएसएलपीएस के सहयोग से रांची की रहने वाली रौशनी कच्छप आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं।

****

राज्य में गणेश चतुर्थी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रांची समेत सभी जिलों में घरों और सार्वजनिक पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गयी है। जमशेदपुर में मनिफिट जागृति क्लब के गणेश उत्सव पूजा पंडाल का उद्‌घाटन रांची के विधायक सीपी सिंह और पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से किया। उधर, पाकुड़ जिले में भी गणेश चतुर्थी को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिन रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसका असर राज्य के कई हिस्सों में दिख सकता है। रांची में इसका असर नौ और 10 सितंबर को हो सकता है।